भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 937

गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/5 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महामहम के लिए विशेष धनराशि

937 श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले दक्षिण भारतीय कुंभ मेले 'महामहम' के लिए विशेष धनराशि आवंटित करने की कोई योजना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय संबंधित राज्य सरकार के अनुरोध पर आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार पर्यटन महत्व के मेलों, महोत्सवों और कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है । राज्य सरकार से महामहम महोत्सव के लिए पर्यटन मंत्रालय में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

*****